जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/1397 दिनांक : 13.10.21

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय एवं अध्ययनशला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

विषयः- **पी0जी0डी0सी0ए0द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून 21** (नियमित/भूतपूर्व एवं ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थीयों हेतु) **के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 30.10.2021 तक ऑनलाइन अपडेट किये जाने हेतु।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 524/605/2021/38-3 दिनांक 31.03.2021 एवं पत्र क्रमांक 589/142/आउशि/शा-5'अ'/2021 दिनांक 04.05.2021 एवं पत्र क्रमांक 663/142/आउशि/शा-5'अ'/2021 दिनांक 31.05.2021।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार सत्र 2020-21 की पी0जी0डी0सी0ए0द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून 21 (नियमित/भूतपूर्व एवं ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थीयों) का परीक्षा परिणाम विषय के आंतरिकत मूल्यांकन एवं ओपन बुक उत्तर पुस्तिका के प्राप्तांकों के आधार पर घोषित किया जाना है।

अतः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य को यह अवगत कराया जाता है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देशों अनुसार उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त नियमित/भूतपूर्व एवं ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय स्तर से सेसनल के प्रश्नों को परीक्षार्थियों को प्रेषित करते हुऐ ओपन बुक पद्वति से उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त कर उनके मूल्याकंन उपरांत प्राप्तांको को गुणानुकृत करते हुऐ संबंधित विश्वविद्यालय को प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांक प्रेषित किये जाने है। अतः संबंधित महाविद्यालय समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा म0प्र0 शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार संपदित कराकर उनके अंक दिनांक 30.10.2021 एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें।

आपको यह विदित कराया जाता है कि, समस्त पी0जी0डी0सी0ए0द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून 21 (नियमित/भूतपूर्व एवं ए0टी0के0टी0) के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ओपन बुक पद्वति अनुसार उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त कर उनका महाविद्यालय स्तर से मूल्यांकन कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें। प्रायोगिक परीक्षा हेतु समस्त परीक्षार्थियों से प्राप्त ओपन बुक उत्तपुस्तिकाओं का संधारण महाविद्यालय/अध्ययनशाला स्तर पर ही किये जाना है। आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकार्ड विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

विशेष नोटः- **आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा एवं थ्योरी परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नहीं होने की दशा में छात्र को उक्त विषय में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक अंक मान्य नहीं किये जावेगे। अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदंड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेगी।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)